ndhindi/

क्विक हील व श्री विश्ववती चिकित्सालय द्वारा बड़ी पहल

1 लाख कोविड वॉरियर्स को देंगे रोग प्रतिरोधक व शक्तिवर्धक दवाई 'रस माधव वटी'

पुणे, 7 जुलाई (आ.प्र.)

कोरोना महामारी में डॉक्टर, नर्स, पुलिसकर्मी, सफाईकर्मी, डिस्ट्रीब्यूटर आदि अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा दे रहे हैं. इसी पृष्ठभूमि पर क्विक हील व श्री विश्ववती आयुर्वेदिक चिकित्सालय व शोध केंद्र ने सहयोग का हाथ बढ़ाया है. दोनों संस्थाओं द्वारा लगभग एक लाख कोविड योद्धाओं को रोग प्रतिरोधक व शक्तिवर्धक दवाई 'रस माधव वटी' का वितरण किया जायेगा.

- आयुर्वेदिक वनस्पतियों से तैयार 'रस माधव वटी' के सेवन से सर्दी, खांसी, गले में दर्द, बदनदर्द, थकान जैसे विषाणुयुक्त संक्रमणों के लक्षणों से सुरक्षा मिलती है. साथ ही इस दवा से पाचन, रक्त से संबंधित समस्याओं व सांस से संबंधित शिकायतों में लाभ होता है.

क्विक हील टेक्नोलॉजिस के प्रबंध निदेशक डॉ. कैलाश काटकर ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर कोरोना योद्धाओं की सुरक्षा का ध्यान रखना हमारा सामाजिक दायित्व है. इन योद्धाओं की सुरक्षा के उद्देश्य से श्री विश्ववती चिकित्सालय से सहयोग करने में हमें खुशी हो रही है. भविष्य में भी हम देश के लिए लड़ने वाले योद्धाओं की सुरक्षा हेतु और भी पहल करते रहेंगे.

'क्विक हील' ने पिछले दो महीने में कोविड प्रभावित लोगों को खुले हाथों से सहायता पहुंचाई. अब तक जरूरतमंदों को राशन किट्स, खाद्य-पदार्थ, अस्थायी शिविर, पीपीई किट्स आदि उपलब्ध कराने में पहल की. साथ ही प्रधानमंत्री निधि में भी योगदान दिया गया. 'क्विक हील' द्वारा दुनियाभर के देशवासियों की सुरक्षा हेतु कार्य किये जा रहे हैं.

श्री विश्ववती आयुर्वेदिक चिकित्सालय व शोध केंद्र के अध्यक्ष आनंदनाथ सांगवड़ेकर ने बताया कि कोविड-19 से जूझने हेतु सेवादारों ने जी-जान से काम किया. ये कर्मी बार-बार संक्रमित लोगों के संपर्क में आते हैं. ऐसे में उनके लिए भी संक्रमण का खतरा बना रहता है. 'क्विक हील' के साथ हम हमारी 'रस माधव वटी' दवा का सुरक्षाकवच उन्हें अवश्य दे सकेंगे. यह औषधि कोल्हापुर स्थित धर्मादाय संस्था श्री विश्ववती आयुर्वेदिक चिकित्सालय व शोध केंद्र ने बनाई है. हमारी इस पहल से कोरोना के खिलाफ जंग को कुछ बल जरूर मिलेगा.